भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3524

जिसका उत्तर मंगलवार, 10 दिसम्बर, 2019/19 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाना है।

नीम लेपित यूरिया

3524. श्री गौतम गंभीरः

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों में उत्पादित किए जा रहे नीम लेपित यूरिया और कीटनाशकों का प्रतिशत कितना है; और

(ख) क्या यह सच है कि सरकार आदान के रूप में उपयोग किए जाने वाले नीम के तेल की कमी का सामना कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्री

(डी.वी. सदानंद गौड़ा)

(क): उर्वरक विभाग ने दिनांक 25 मई, 2015 को सभी स्वदेशी यूरिया उत्पादकों के लिए उनके राजसहायताप्राप्त कुल यूरिया उत्पादन को 100% नीम लेपित यूरिया के रूप में उत्पादित करना अनिवार्य कर दिया था। स्वदेशी रूप से उत्पादित यूरिया तथा आयातित यूरिया की सम्पूर्ण मात्रा क्रमशः 01 सितम्बर, 2015 और 01 दिसम्बर, 2015 से नीम लेपित की जा रही है। वर्ष 2017-18 के बाद से कुल नीम लेपित यूरिया के स्वदेशी उत्पादन के संबंध में सरकारी स्वामित्व वाली इकाइयों (सीपीएसई) में उत्पादित किए जा रहे नीम लेपित यूरिया की प्रतिशतता निम्नानुसार हैः-

वर्ष	यूरिया (आंकड़े 'एलएमटी' में		सार्वजनिक क्षेत्र की प्रतिशतता
	कुल स्वदेशी उत्पादन	सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा	
2017-18	240.23	69.88	29.09 %
2018-19	240.00	70.16	29.23 %
2019-20 (नवंबर 19 तक)	159.57	42.09	26.38 %

रसायन और पेट्रोरसायन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एचआईएल (इंडिया) लिमिटेड एकमात्र सीपीएसई है जो कीटनाशक दवाओं का उत्पादन करता है। वर्ष 2018-19 में देश में 43 प्रमुख कीटनाशी और जीवमार (तकनीकी) का उत्पादन 2,17,607 मीट्रिक टन था जिसमें से एचआईएल का उत्पादन 3350.05 मीट्रिक टन, अर्थात कुल उत्पादन का 1.54% था।

(ख): नीम लेपित यूरिया के उत्पादन के लिए आदान के रूप में प्रयुक्त नीम के तेल की कमी की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

*****